

## एक नजर में


### जल संग्रहण पर जागरूकता कार्यक्रम में पानी बचाने के बारे में दी जानकारी




**भीकनगाव, निप्र।** सामाजिक सेवा क्षेत्र में कार्यरत संस्था कबीर लोक कल्याण संस्था द्वारा 12 अप्रैल को ग्राम बंझर में स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से पानी के दुरुपयोग रोकने और वर्षा जल संचयन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने, खेतों में कंटूर खंती, डगवेल, सूखा कुंआ और ट्यूबवेल में वर्षा जल संचय कर भविष्य में जल की कमी रोकने हेतु जागरूक अभियान चाला कर लोगों को जाग्रत किया। समिति सदस्यों, अनिता मंसारे, प्रभा मंसारे, प्रभा गोविंद, लक्ष्मी नंदराम, मीरा ऊंकार, कमलेश रंसोरे, डा, राम कोठारे, किरतेश, निकिता ने अपने विचार रखे। संस्था के सलाहकार के बी मंसारे ने बताया कि इस अवसर पर सेवा निवृत्त, रुपचंद रंसोरे का शाल श्रीफल पुष्प मालाओं से सम्मान किया गया। भारती, सोनु ने आभार व्यक्त किया।

### मंडलेश्वर की सोनाली बनीं किन्नरों की महामंडलेश्वर

**मंडलेश्वर, निप्र।** नगर की किन्नर सोनाली दीदी अब किन्नर समाज की महत्वपूर्ण पदवी महामंडलेश्वर धारण करने वाली नगर की पहली किन्नर बन चुकी हैं। यह सम्मान उन्हें किन्नर समाज के उत्थान और समाज सेवा के क्षेत्र मे उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया गया हैं। अम्बेडकर नगर महू के केसर बाग़ पैलेस मे आयोजित गरिमामय समारोह मे धार्मिक अनुष्ठान और विधि विधान के साथ उनका पटाभिषेक कर किन्नर समाज की आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी द्वारा उन्हें उपाधि प्रदान की गईं। इस अवसर पर किन्नर सोनाली दीदी ने अपने उद्बोधन मे कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी मिली हैं उसे पूर्ण निष्ठा के साथ निभाऊंगी मै सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के साथ साथ समाज के उत्थान हेतु भी हमेशा कार्य करती रहूंगी।सोनाली दीदी को महामंडलेश्वर की उपाधि मिलने पर शुभ चिंतको ने बधाइयां दी हैं।



### कसरावद ऑपरेशन मुस्कान के तहत कसरावद पुलिस ने नाबालिग बालिका को किया बरामद



**कसरावद, निप्र।** पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन (ग्रामीण) अनुराग द्वारा नाबालिग बालक व बालिकाओं से संबंधित अपहरण के प्रकरणों में अधिक से अधिक दस्तायबी करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन रविन्द्र वर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमती शकुंतला रुहल जिला खरगोन के द्वारा जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) व थाना प्रभारियों को नाबालिग बालक व बालिकाओं की दस्तयाबी करने हेतु निर्देशित किया गया था। उपरोक्त निर्देशों के पालन में एसडीओपी श्वेता शुक्ला अनुविभाग मण्डलेश्वर के मार्गदर्शन में निरीक्षक राजेन्द्र बर्मन थाना प्रभारी कसरावद को नाबालिग बालिका की दस्तयाबी करने में सफलता हासिल हुई है। पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए नाबालिक बालिका को सकुशल दस्तयाब किया।

**कार्रवाई का विवरण :-** पुलिस थाना कसरावद पर दिनांक 09 .04 .2026 को फरियादी की सूचना पर नाबालिग बालिका उम्र 17 वर्ष को अपहृत कर ले जाने के संबंध में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 120/26 धारा 137(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था विवेचना के दौरान अपहृता बालिका की तलाश लगातार की जा रही थी किन्तु अपहृता के संबंध में कोई ठोस जानकारी प्राप्त नहीं हो रही थी बाद आज दिनांक 13 .04 .2026 को अपहर्ता अपने माता के साथ तलब करने उपस्थित हुई जिसे पंचानों के समक्ष सकुशल दस्तयाब किया गया बाद घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ कर कथन लेख किए गए जिसने अपने कथन में किसी प्रकार के अपराध का घटित नहीं होना बताया बाद अपहृता के परिजनों के कथन लेख किए गए जिन्होंने अपहृता के कथनों की पुष्टी की बाद अपहृता को उसके परिवारजनों के सुपुर्द किया गया।

### बच्चों ने याद किया प्रेरणा पुरुष डॉ. अंबेडकर और आशा भोंसले को




**कसरावद, निप्र।** श्री निमाड़ पाटीदार एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित स्थानीय सीबीएसई विद्यालय पैरामाउंट एकेडमी कसरावद में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। गतिविधि प्रभारी श्रीमती पाटीदार ने बतलाया की इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बाबा साहेब के जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के शुभारंभ में विद्यालय के शिक्षक श्री अमर सिंह एवं श्री सुरेश सोलंकी के द्वारा ?बाबा साहेब का पूजन कर चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस कार्यक्रम में आगे की कड़ी के रूप में कक्षा 10 के विद्यार्थियों द्वारा कानून में संशोधन - समाज के लिए लाभकारी या चुनौती विषय पर वाद विवाद का आयोजन भी किया जिसमें बच्चों ने अत्यंत उत्साह के साथ भाग लेकर पक्ष में कानून संशोधन में सुधार, पारदर्शिता और आधुनिक आवश्यकताओं ने बदलाव से न्याय प्रणाली मजबूत होती है पर अपने विचार रखे और विपक्ष में नए संशोधन में जल्दबाजी से आम जनता को समझने में होने वाली कठिनाई और दुरुपयोग को लेकर अपने विचार व्यक्त किए जहां विद्यार्थियों ने पक्ष और विपक्ष में अपने- अपने विचार व्यक्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अनूठी प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य और अनुशासन के साथ कार्य करने का हुनर सीखा। कक्षा 3 से 5 के। बच्चों ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जीवन पर अपने विचार रखे। उनकी सामाजिक सीख को।सबसे साझा किया। प्रार्थना सभा में आशा भोंसले को दी गई श्रद्धांजलि और विश्व प्रसिद्ध पार्श्व गायिका आशा भोंसले जी के व्यक्तित्व और भारतीय संगीत में उनके अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला गया। शिक्षकों ने बच्चों को बताया कि किस प्रकार आशा जी ने अपने कड़े परिश्रम और लगन से संगीत की दुनिया में एक विशिष्ट पहचान बनाई। उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए बच्चों को निरंतर अभ्यास और अपनी कला के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया गया।

# जल गंगा संवर्धन, संपूर्णता अभियान के कार्य हो समय पर...

## कलेक्टर भव्या मित्तल की अध्यक्षता में समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर भव्या मित्तल की अध्यक्षता में 13 अप्रैल 2026 को कलेक्ट्रेट सभागृह में समय-सीमा पत्रों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागीय योजनाओं, अभियानों एवं लंबित प्रकरणों की बिंदुवार समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।





बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत अमृत सरोवर, डगवेल, फार्म पोंड एवं जल संग्रहण से संबंधित कार्यों की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर मित्तल ने निर्देश दिए कि अभियान के अंतर्गत सभी कार्यों को जल संचय जन भागीदारी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से पंजीकृत किया जाए तथा प्रत्येक कार्य का जियो-टैग किया जाना सुनिश्चित किया जाए। अभियान में कम प्रगति पाए जाने पर जनपद सीईओ गोगावां को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी जनपद सीईओ को अभियान के शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में आपदा प्रबंधन के मद्देनजर पेड़ों की शिफ्टिंग, जर्जर एवं जीर्ण-शीर्ण भवनों को चिन्हित कर उनकी मरम्मत, नाली-नालों की सफाई तथा पेयजल टंकियों एवं कुओं की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में एचपीवी टीकाकरण की समीक्षा में कलेक्टर सुश्री मित्तल ने कहा कि 14 वर्ष आयु वर्ग की शेष बालिकाओं को चिन्हित कर उनका टीकाकरण शीघ्र पूर्ण किया जाए। वहीं संपूर्णता अभियान के अंतर्गत भगवानपुरा एवं झिरन्या में स्वीकृत नवीन एवं मरम्मताधीन शौचालयों के कार्य अप्रैल माह के अंत तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में लोक सेवा गारंटी की समीक्षा के दौरान संबल योजना अंतर्गत अपील में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई।

समग्र ई-केवाईसी में प्रगति लाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में भगवानपुरा एवं झिरन्या तथा शहरी क्षेत्रों में सनावद एवं खरगोन के अधिकारियों को एक सप्ताह में उल्लेखनीय प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में नगरीय निकायों को 85 प्रतिशत शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सीएम हेल्पलाइन में प्रकरण नॉट अटेंडेड पाए जाने पर सीएमओ करही, जनपद सीईओ कसरावद एवं जनपद सीईओ महेश्वर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। विभागवार समीक्षा में 50 एवं 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों पर विशेष ध्यान देते हुए संतोषजनक निराकरण के निर्देश दिए गए। बैठक में हाईकोर्ट में लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने निर्देश दिए कि सभी लंबित मामलों में समय पर जवाब प्रस्तुत कर शीघ्र निराकरण किया जाए। इसके साथ ही समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा कर उन्हें गंभीरता से लेते हुए त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए। बैठक में यू-विन एवं सूचना का अधिकार अधिनियम की समीक्षा के दौरान कलेक्टर सुश्री मित्तल ने स्पष्ट किया कि जब भी किसी आवेदन को एक विभाग से दूसरे विभाग में स्थानांतरित किया जाए, तो संबंधित आवेदक को इसकी जानकारी अनिवार्य रूप से दी जाए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर, जिला पंचायत सीईओ श्री मिलिंद कुमार नागदेवे, सहायक कलेक्टर श्री जामदार फरहान इरफान, संयुक्त कलेक्टर हेमलता सोलंकी, आकांक्षा अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर प्रताप कुमार अगास्या, अनिल जैन सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे। वही अन्य अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े रहे।

## सांदीपनि विद्यालय में मनाई अंबेडकर जयंती



**महेश्वर, निप्र।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सांदीपनि विद्यालय में शासन के निर्देशानुसार विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 9 अप्रैल को शिक्षिका हंसा कुशवाह के मार्गदर्शन में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कु. वर्षा चौबे 12वीं प्रथम स्थान एवं प्राची कर्मा 10वीं द्वितीय स्थान पर रही।

10 अप्रैल को शिक्षक जितेन्द्र भालसे के मार्गदर्शन में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कु. रितु यादव 9वी प्रथम एवं कु दिशा गोखले 9वीं द्वितीय स्थान पर रही। 11 अप्रैल को चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन शिक्षिका मंजुला दुबे के मार्गदर्शन में किया गया जिसमें कु खुशी प्रथम एवं भावेश अत्रे 12 वीं द्वितीय स्थान पर रहे। 13 अप्रैल को कक्षा 11 वीं के विद्यार्थियों ने डॉ. अंबेडकर के जीवन पर आधारित भावपूर्ण नाटक प्रस्तुत किया जिसका मार्गदर्शन शिक्षक मनोज बिरला एवं शुभम शर्मा ने किया। प्राचार्य बिरजू गुप्ता ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए एवं डॉ बाबासाहेब के चित्र पर माल्यार्पण किया साथ ही डॉ. अंबेडकर के जीवन से सीख लेते हुए शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। वरिष्ठ शिक्षक सायबा सोलंकी ने संविधान का महत्व बताया। कृष्णलाल विश्वकर्मा, सुनिल गाडगे ने भी संबोधित किया। संचालन व्याख्याता राजकुमार शर्मा ने किया।

## बीएड परीक्षा में उमिया शिक्षा कॉलेज की छात्राओं ने शत-प्रतिशत दिया परिणाम









**मंडलेश्वर, निप्र।** नगर के उमिया शिक्षा महाविद्यालय की छात्राओं ने क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन द्वारा आयोजित बीएड द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा मे शत प्रतिशत सफलता प्राप्त की हैं। छात्रा कामाक्षी सेन ने महाविद्यालय मे प्रथम स्थान रोशनी राजपूत ने द्वितीय तथा नम्रता बिरले और प्रिया यादव ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया हैं।

प्राचार्य डॉ बीपी शर्मा ने बताया की संस्था की 16 छात्राओं ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। बाकी सभी छात्राओं ने प्रथम श्रेणी मे सफलता प्राप्त की हैं। विद्यार्थियों की इस सफलता पर संस्था अध्यक्ष कमल किशोर पाटीदार, उपाध्यक्ष श्रीमति दुर्गा पाटीदार, ज्योति पाटीदार, गुलाबचंद पाटीदार, महेश पाटीदार, कोषाध्यक्ष सुभाष पाटीदार सचिव बाबूलाल पाटीदार, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ शिवेन्द्र शर्मा, प्रो मीनू कुशवाह, प्रो सोनालिका चौहान, प्रो गजेंन्द्र अहिरवार, अजय पटेल दीपक चौहान एवं विधि पाटीदार ने बधाइयां प्रेषित की हैं।

## अवधि भाषा में ग्राम रजूर में रची गई श्रीकृष्ण चरित्र मानस, रोजाना हो रहा पाठ



**खरगोन, निप्र।** जिले के ग्राम रजूर में एक अप्रैल से मासिक श्रीकृष्ण चरित्र मानस का पाठ किया जा रहा है। रोजाना सुबह गांव की मंडलियां इस महान ग्रंथ की चौपाईयां, दोहों का मय अर्थ पाठ कर रहे है। इस परायण की विशेषता यह है कि यह ग्रंथ अतिप्राचीन नही बल्कि ग्राम रजूर के ही रामेश्वर पाटीदार द्वारा अवधि भाषा में रचित श्री कृष्ण चरित्र मानस है।

समाज के रमेशचंद्र पाटीदार ने बताया कि पाटीदार द्वारा रचित का एक मास का परायण विधि अत्यंत भक्तिभाव से पूर्ण किया जा रहा है। इसमें श्रीकृष्ण के जन्म से लेकर द्वारका लीला तक के प्रसंगों को दैनिक 30 अध्यायों में पाठ किया जा रहा है, जो अत्यंत सरल और सुबोध है। रजूर के रामेश्वर पाटीदार ने पने ज्ञान कौशल से अवधी भाषा में जो यह ग्रंथ तैयार किया है, वह किसी महान कार्य से कम नही है। महज 11वीं तक शिक्षित पाटीदार ने श्रीकृष्ण चरित मानस जैसे विराट महाकाव्य की रचना कर बड़े-बड़े विद्वानों को अचरण में डाल दिया है। रचनाकार रामेश्वर जी ने बताया कि गांव के राम मंदिर में पिछले 12 वर्षो तक मानस का पाठ सुनते-सुनते अवधी का व्याकरण उनके भीतर ऐसे समाहित हुआ कि जैसे साक्षात सरस्वती कंठ में विराजमान हो गई हो। श्री पाटीदार का कहना है कि उनके द्वारा रचित ग्रंथ का गीता प्रेस से प्रकाशन हो, ताकि देश के हर व्यक्ति तक कम से कम शुल्क में यह ग्रंथ पहुंच सके। रमेशचन्द्र पाटीदार ने बताया कि श्री पाटीदार द्वारा अवधि भाषा में इस प्रकार महाकाव्य का लेखन उन्हें निमाड़ के तुलसी की संज्ञा देने के लिए उपयुक्त बनाता है।

## दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने नई पहल


**खरगोन, निप्र।** पशुपालन विभाग द्वारा जिले में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने, उन्नत पशुपालन को प्रोत्साहित करने तथा पशु स्वास्थ्य एवं पशुपोषण पर विशेष ध्यान देने के उद्देश्य से 'क्षीर धारा ग्राम' योजना प्रारंभ की गई है। योजना के अंतर्गत जिले के समस्त ग्रामों में चरणबद्ध रूप से पशु जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।



प्रथम चरण में जिले के विकासखंड खरगोन से 22, कसरावद से 27, महेश्वर से 36, बड़वाह से 53, भीकनगांव से 36, झिरन्या से 16, भगवानपुरा से 12, सेगांव से 17 तथा गोगांवा से 23 ग्रामों सहित कुल 242 ग्रामों का चयन कर उन्हें 'क्षीर धारा ग्राम' घोषित करने की कार्ययोजना तैयार की गई है। इन ग्रामों का चयन उन मापदंडों के आधार पर किया गया है, जहां उन्नत पशुपालकों की संख्या अधिक है तथा पशुओं में उन्नत नस्ल से कृत्रिम गर्भाधान, टीकाकरण एवं टैगिंग का स्तर 70 प्रतिशत से अधिक है। चयनित ग्रामों में माह अप्रैल-मई के दौरान पशुपालन विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत बाँझपन निवारण, टीकाकरण, बधियाकरण एवं गोबर व गौमूत्र के बेहतर प्रबंधन के लिए पशु जागरूकता शिविर लगाए जा रहे हैं, जिससे पशुओं के स्वास्थ्य में सुधार एवं दुग्ध उत्पादन में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. जीएस सोलंकी ने जिले के समस्त पशुपालकों से अपील की है कि वे 'क्षीर धारा ग्राम' योजना अंतर्गत आयोजित शिविरों में अपने पशुओं का अधिक से अधिक उपचार कराएं। विभाग द्वारा संचालित गतिविधियों में सहभागिता कर योजना का अधिकतम लाभ प्राप्त करें।

## अंबेडकर जयंती पर आज निकलेगी शोभायात्रा

**खरगोन, निप्र।** संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीम राव आंबेडकर जी की जयंती 14 अप्रैल को भव्य रुप से मनाई जाएगी। जयंती अवसर पर शोभायात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम सभा का आयोजन किया जायेगा। इस शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर अनुसूचित जाति-जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग संयुक्त मोर्चा समिति ने व्यापक स्तर पर तैयारियां की है।



मोर्चा के रामेश्वर बड़ोले, प्रदीप करोंदिया, बबलू आडतिया ने बताया कि बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और सामाजिक न्याय के लिए उनके योगदान को याद करने के उद्देश्य से उनका जन्मदिन उत्सव के रुप में मनाया जाएगा। शोभायात्रा को भव्यता देने के लिए इसमें कई आकर्षक झांकियां शामिल होंगी, जो सामाजिक न्याय, समानता और बाबा साहब के विचारों को दर्शायेंगी। 14 अप्रैल को किला मैदान से दोपहर 3 बजे विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत. सत्कार करने के लिए सामाजिक, व्यापारिक एवं राजनीतिक संगठनों ने सहमति जताई है। शोभायात्रा मार्ग पर जगह. जगह सेवा स्टॉल लगाकर, जलपान के साथ ही पुष्पवर्षा की व्यवस्था रहेगी। नितेश आडतिया, निर्मल पंवार, हुकुम कोचले, उदयकुमार रामटेके, संतोष पंचोले, संदीप भालसे, राजेश खांडे, दिलीप पंचोली, शंकर निहाले, अजय भालसे ने बताया इस महते आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में बाबा साहेब के अनुयायी शामिल हो इसके लिए पिछले एक माह से जिले के गांव. गांव संपर्क किया जा रहा है।

**एक नजर में** — पांच दिवसीय श्री शक शालीवाहन नर्मदा पंचकोशी पदयात्रा का आयोजन

## 5 श्रद्धालुओं से शुरू हुई नर्मदा पंचकोशी यात्रा, अब हजारों की आस्था का संगम

नवभारत न्यूज

**कसरावद, निप्र।** निमाड़ अंचल की आस्था, संस्कृति और परंपरा का प्रतीक श्री शक शालीवाहन नर्मदा पंचकोशी पदयात्रा इस वर्ष 13 अप्रैल से प्रारंभ होकर 17 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी। यह यात्रा 24वें वर्ष में प्रवेश कर रही है और हर वर्ष की तरह इस बार भी हजारों श्रद्धालु इसमें शामिल होकर मां नर्मदा की भक्ति में लीन होंगे। यात्रा का शुभारंभ वरुथिनी एकादशी के दिन से होगा और सत्तू अमावस्या को इसका समापन किया जाएगा।



श्री शैव संप्रदाय के तत्वावधान में गुरुदेव डॉ. रविंद्र चौरे भारती की प्रेरणा से आयोजित इस पंचकोशी पदयात्रा का संचालन स्थानीय समिति द्वारा किया जा रहा है। यह यात्रा शक संवत प्रवर्तक महाराजा रुद्रदामा की पुण्य स्मृति में निकाली जाती है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र की धार्मिक विरासत को सहेजना और नई पीढ़ी को उससे जोड़ना है। आयोजकों के अनुसार यह पंचकोशी पदयात्रा नर्मदा परिक्रमा की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। पांच दिनों तक चलने वाली इस यात्रा में श्रद्धालु मां नर्मदा के विभिन्न घाटों पर स्नान, दर्शन और पूजन कर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं। यात्रा मार्ग में दर्जनभर मंदिर, आश्रम और घाट शामिल हैं, जहां श्रद्धालुओं के लिए विश्राम एवं धार्मिक आयोजनों की व्यवस्था की गई है।

**इतिहास और बढ़ती आस्था:-** आयोजक राजेंद्र सिंह यादव ने बताया कि इस यात्रा की शुरुआत वर्ष 1998 में मात्र पांच श्रद्धालुओं के साथ की गई थी। उज्जैन की पंचकोशी यात्रा की तर्ज पर शुरू हुई यह पदयात्रा आज हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बन चुकी है। जहां विक्रम संवत की परंपरा उज्जैन से जुड़ी है, वहीं शक संवत की गौरव गाथा निमाड़ के नावड़ाटौड़ी क्षेत्र से संबंधित मानी जाती है। इसी ऐतिहासिक महत्व को ध्यान में रखते हुए इस यात्रा को निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है।

**यात्रा मार्ग और आयोजन:-** यात्रा का शुभारंभ 13 अप्रैल को शालीवाहन मंदिर में नर्मदा पूजन एवं ध्वज पूजन के साथ किया जाएगा। इसके बाद श्रद्धालु ढालखेड़ा, खलबुजुर्ग, सहस्त्रधारा, मण्डलेश्वर और कठोरा होते हुए पुनः नावड़ाटौड़ी पहुंचेंगे। यात्रा के दौरान प्रतिदिन सुबह-शाम नर्मदा आरती, भजन-कीर्तन और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। अंतिम दिन गंगाघाट पर विशेष पूजन-अर्चना के साथ यात्रा का समापन होगा तथा श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की जाएगी।

**अनुशासन और व्यवस्था पर जोर:-** आयोजकों ने यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं से अनुशासन, स्वच्छता और पारंपरिक वेशभूषा का पालन करने की अपील की है। साथ ही भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन, पुलिस एवं स्थानीय नागरिकों से सहयोग का भी आग्रह किया गया है। यात्रा संयोजक राजेंद्र यादव एवं उनकी टीम ने बताया कि सभी श्रद्धालु अपने आवश्यक सामान के साथ स्वयं की जिम्मेदारी पर यात्रा में शामिल हों।